आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

07.07.2024 समय : 1850

- विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर आज द्वीपसमूह में भी पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- अण्डमान निकोबार पुलिस में चौव्वन ट्रेड प्रशिक्षणार्थियों को शामिल किया गया है।
- फरारगंज के वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों की स्वास्थ्य देखभाल और ध्यान देने के लिए सुविधाएं विकसित की गई है।
- आई आर बी एन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- एम. वी. स्वराजद्वीप नौ जुलाई को पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा।

<><><><><><><>

विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर आज द्वीपसमूह में भी पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्कल समाज और राजस्थान मंच शादीपुर की ओर से आज दोपहर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा आरंभ होने से पहले मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने विधि विधान से पूजा–अर्चना में शामिल हुए। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने भी पूजा की। बाद में सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने पूजा–अर्चना की और रथ यात्रा में शामिल हुए। ये रथ यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। आज से भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर विश्राम करेंगे। विश्व रथ यात्रा के दौरान विश्व हिन्दु परिषद की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी। ब्रिजगंज के इस्कॉन मन्दिर और जोड़ा किलान के राधा गोविन्द मन्दिर से भी आज शोभा यात्रा निकाली गई।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट के लिए काउंसलिंग की तारीख़ें अभी तय नहीं हुई हैं। चिकित्सा परामर्श समिति परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने और सीट मैट्रिक्स को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इन तारीख़ों की घोषणा वेबसाइट पर करती है। स्नातक सीट मैट्रिक्स इस महीने के तीसरे सप्ताह तक और स्नातकोत्तर सीट मैट्रिक्स अगस्त के मध्य तक तय होने की संभावना है। इसके बाद काउंसलिंग की तारीख़ तय की जाएगी।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र इस महीने की बाईस तारीख से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र बारह अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2024–25 लोकसभा में तेईस जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मु ने केन्द्र सरकार की सिफारिश पर बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र इस महीने की बाईस तारीख से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र बारह अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2024–25 लोकसभा में तेईस जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मु ने केन्द्र सरकार की सिफारिश पर बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस में चौव्वन ट्रेड प्रशिक्षणार्थियों को शामिल किया गया है। पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे अपनी नई भूमिका का अच्छी तरह से पालन करें। उन्होंने एकता अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक ऐसे बल में शामिल हो रहे है, जिन पर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के साथ–साथ अन्य कई प्रकार के जिम्मेदारियां है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले को प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित भी किया गया। पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के प्रधानाचार्य मंजीत श्योरण ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के परिजन और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

<><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चीनी, नमक और संतृप्त वसा संबंधी जानकारी स्पष्ट अक्षरों में अंकित करने को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय खाद्य प्राधिकरण की चौवालिसवीं बैठक में कल लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व चंद्र ने की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पोषक तत्वों की सही जानकारी देना है, ताकि वे अपने स्वास्थ्य के हित में निर्णय ले सकें। यह जानकारी हर पैकेट पर बडे अक्षरों में देनी होगी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अधिसूचना के मसौदे को सार्वजनिक किया जाएगा, ताकि उस पर सुझाव और आपत्तियां प्राप्त हो सकें। खाद्य पदार्थों में निहित तत्वों की जानकारी सार्वजनिक करने से गैर–संचारी रोगों पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी और लोक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा तथा उपभाक्ता अधिक स्वास्थ्यकर विकल्प चुन सकेंगे। इससे उपभोक्ता सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा।

<><><><><><>

फरारगंज के वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों की स्वास्थ्य देखभाल और ध्यान देने के लिए सुविधाएं विकसित की गई है। समाज कल्याण निदेशक नितिन शाक्या ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी है और यह हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उन्हें आरामदायक और सम्मान पूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए अपना कर्त्तव्य निभाएं। स्वास्थ्य देखभाल के तहत समाज कल्याण विभाग की ओर से मेडिसन बॉल, योगा मैट और अन्य ज़रूरी सामान उपलब्ध कराया गया है। भक्ति गीत सुनने तथा मनोरंजन के लिए संगीत से जुड़े उपकरण तथा सप्ताह में दो बार फिल्में देखने और शैक्षिक उद्देश्य के लिए प्रोजेक्टर भी स्थापित किया गया है।

<><><><><><>

आई आर बी एन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आई आर बी एन मुख्यालय पोर्ट–मोर्ट के सम्मेलन कक्ष में आयोजित शिविर में जी. बी. पन्त अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दो सौ से अधिक लोगों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भी लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

<><><><><><>

डॉ. एस. राधाकृष्णन, जिला शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थान गाराचरामा में दो वर्षीय डी.एल.एड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की अस्थाई योग्यता सूची कल दिन में दस बजे सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल और संस्थान के सूचना पट्ट पर दर्शा दी जाएगी। दावे और आपत्तियां नौ जुलाई से तेरह जुलाई के बीच स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम योग्यता सूची पन्द्रह जुलाई को जारी होगी। ह्यूमेनेटिस के लिए परामर्श बाईस जुलाई को और विज्ञान के लिए तेईस जुलाई निर्धारित किया गया है।

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और डिगलीपुर के राजकीय बहुशिल्प संस्थान में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की अस्थाई योग्यता सूची नौ जुलाई को सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल में अपलोड किया जाएगा। दावे या आपत्तियां ग्यारह जुलाई की शाम चार बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><>

एम. वी. स्वराजद्वीप नौ जुलाई को पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा। अतिरिक्त सामानों की जांच और चढ़ाने का कार्य कल दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा सुबह सात बजे आरंभ होगी। जहाज़ नौ जुलाई को दिन में बारह बजे हैडों जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग अन्य विभागों और प्रमुख पर्यटन हितधारकों के सहयोग से मानसून पर्यटन मेला का आयोजन करेगा। बारह जुलाई को रोड शो के साथ उत्सव का आगाज़ होगा। तेरह और चौदह जुलाई को शाम तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक कर्वाइंस–कोव तट पर समारोह आयोजित होगा। हर वर्ष जुलाई के मध्य में मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाता है, ताकि द्वीपसमूह को पूरे साल पर्यटक गंतव्य के रूप में बढ़ावा मिल सके। जलक्रीड़ा गतिविधियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि पर्यटक भी इसका आनन्द उठा सके। दो दिवसीय उत्सव के दौरान खान–पान के स्टॉल लगाए जाएंगे। वर्षा नृत्य का भी आयोजन होगा। खान–पान के स्टॉल लगाने के इच्छुक लोगों से आवेदन फार्म पांच हजार रूपये की सुरक्षा जमा राशि के साथ नौ जुलाई से पहले प्राप्त कर इसे पर्यटन विभाग के योजना प्रकोष्ठ में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इकतालिस दशमलव चार मिलीमीटर, हटबे में बत्तीस दशमलव छह, ननकौड़ी में सत्ताईस दशमलव चार, लांग आईलैंड में तेरह दशमलव दो, मायाबंदर में तीन और वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><>